GeM प्लेटफॉर्म को पूर्णत: अपनाने वाला पहला राज्य- उत्तर प्रदेश

चर्चा में क्यों?

हाल ही में उत्तर प्रदेश गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (GeM) प्लेटफॉर्म को पूरी तरह से एकीकृत करने वाला भारत का पहला राज्य बन गया है, **जिससे सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता और दक्षता** बढ़ेगी।

इस कदम से **प्रतिवर्ष 2,000 करोड़ रुपए की बचत होने का अनुमान है,** साथ ही निष्पक्ष व्यवहार को बढ़ावा मिलेगा और छोटे व्यवसायों को सशक्त बनाया जाएगा।

मुख्य बिंदु

- उत्तर प्रदेश में पूर्ववर्ती निविदा प्रणाली में एकरूपता का अभाव था तथा उसका दुरुपयोग होने की संभावना थी।
- GeM मानकीकृत नियमों को लागू करके इन मुद्दों का समाधान करता है, जिससे उल्लंघन या खामियों की संभावना कम हो जाती है।
- राज्य सरकार का लक्ष्य सभी राज्य विभागों में GeM के उपयोग को बढ़ाना, अनुपालन सुनिश्चित करना और जवाबदेही बढ़ाना है।
- **प्रदर्शित सफलता:**
  - उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड ने 18 अटल आवासीय विद्यालयों के लिये सामग्री खरीदने हेतु GeM का उपयोग किया।
    - कक्षा 6 से इंटरमीडिएट स्तर तक के छात्रों को शिक्षा प्रदान करने वाले ये स्कूल अब कोविड-19 महामारी के दौरान अनाथ हुए बच्चों को सहायता प्रदान करने सहित अनुकरणीय शिक्षण वातावरण प्रदान करते हैं।
- **नीति सुधार और अनुपालन:**
  - **सख्त दिशा-निर्देश:** नीतियाँ ऑफलाइन कॉन्ट्रैक्ट, प्राइस डिस्कवरी बिड, क्वांटिटी-बेस्ड बिड और बोली मूल्यांकन (Bid Evaluations) के दौरान नमूनों के लिये अनावश्यक अनुरोध जैसी प्रथाओं पर रोक लगाती हैं।
    - सभी राज्य विभागों को अपनी वार्षिक वस्तुओं और सेवाओं का कम से कम 25% GeM के माध्यम से खरीदना होगा तथा ऐसा न करने पर जुर्माना लगाया जाएगा।
- **लघु उद्यमों के लिये समर्थन: निविदा पात्रता मानदंडों में ढील (जैसे, टर्नओवर और पिछला प्रदर्शन) सूक्ष्म और लघु उद्यमों (MSME)** के लिये अवसर उत्पन्न करते हैं।
- **श्रमिक कल्याण प्रावधान: नीतियों में आउटसोर्स कर्मचारियों के लिये न्यूनतम मज़दूरी,** कर्मचारी भविष्य निधि (EPF) **और कर्मचारी राज्य बीमा (ESI) लाभ अनिवार्य किया गया है।**
  - सेवा प्रदाता नियुक्ति के बाद मनमाने ढंग से आउटसोर्स कर्मचारियों को नहीं बदल सकते, जिससे नौकरी में स्थिरता और निष्पक्षता सुनिश्चित हो सके।
- **मिलीभगत-रोधी उपाय:** मिलीभगत या बोली (Bid) में हेराफेरी करने पर कठोर दंड लगाया जाता है, तथा मामले की सूचना GeM टीम को देने का प्रावधान है।
- **शिकायत निवारण तंत्र: उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समितियाँ समर्पित ईमेल के माध्यम से प्रस्तुत अनुपालन संबंधी शिकायतों की समीक्षा करती हैं।**

- राष्ट्रीय पहल के साथ संरेखण:

- GeM को अपनाने से शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाकर **"डिजिटल इंडिया"** के दृष्टिकोण को बढ़ावा मिलेगा।
- यह मंच स्थानीय आपूर्तिकर्त्ताओं को समर्थन प्रदान करता है तथा **"मेक इन इंडिया" पहल** के अनुरूप निष्पक्ष प्रतिस्पर्द्धा को बढ़ावा देता है।

गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (GeM) प्लेटफॉर्म

- **GeM** विभिन्न सरकारी विभागों/संगठनों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा अपेक्षित **सामान्य उपयोग की वस्तुओं और सेवाओं की ऑनलाइन खरीद की** सुविधा प्रदान करता है।
- यह पहल वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अगस्त 2016 में शुरू की गई थी।

- GeM का वर्तमान संस्करण अर्थात **GeM 3.0, 26 जनवरी, 2018 को लॉन्च किया गया था।**
- यह सरकारी उपयोगकर्त्ताओं की सुविधा के लिये **ई-बिडिंग, रिवर्स ई-नीलामी और मांग एकत्रीकरण के उपकरण प्रदान करता है, जिससे उनके पैसे का सर्वोत्तम मूल्य प्राप्त होता है और सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता, दक्षता और गति को बढ़ाया जाता है।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/up-first-state-to-fully-adopt-gem-platform